कार्यालय : सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल)।

पत्रांक : उ०वि०शि०प०/डी0एल0एड0प्र0प02026/विज्ञप्ति 07 /374-78/2026–27 दिनांक23नवम्बर 2026

द्विवर्षीय डी0एल0एड0 प्रवेश परीक्षा 2026

औपबन्धिक उत्तर–कुंजी हेतु आवश्यक सूचना

परिषद् द्वारा दिनांक 18 नवम्बर 2026 को आयोजित द्विवर्षीय डी0एल0एड0 प्रवेश परीक्षा 2026 के प्रश्नपत्रों के चारों सेट की औपबन्धिक उत्तर कुंजियॉ (Provisional Answer Key) जनहित में परिषद् की वेबसाइट पर प्रसारित कर दी गई हैं। अभ्यर्थी परिषद् की वेबसाइट **www.ukdeled.com** अथवा **www.ubse.uk.gov.in के DEPARTMENTAL EXAM/DELED** लिंक से उत्तर कुंजियॉ (Answer Key) डाउनलोड कर सकते हैं।

यदि किसी अभ्यर्थी/आवेदक को किसी प्रश्न/प्रश्नों के उत्तर पर कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति/प्रत्यावेदन ऑनलाइन माध्यम से परिषद् की वेबसाइट **www.ukdeled.com** पर अपने रजिस्ट्रेशन आई.डी. एवं पासवर्ड से लॉगिन कर **दिनांक 03 दिसम्बर 2026 रात्रि 11:59 बजे तक पुष्ट प्रमाणों सहित पोर्टल पर अपलोड कर** सकते हैं। **निर्धारित अंतिम तिथि के पश्चात अथवा किसी अन्य माध्यम से कोई प्रत्यावेदन/आपत्ति स्वीकार नहीं की जायेगी।** ऑनलाइन आपत्ति दर्ज करने हेतु **विस्तृत प्रक्रिया के लिए परिषद् की वेबसाइट www.ukdeled.com** पर उपलब्ध **User manual for answer key objection** को देख सकते हैं।

सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर नैनीताल।

Scanned with OKEN Scanner